होके माँ सिंह पे सवार आयेगी नवरातों में

होके माँ सिंह पे सवार,
आयेगी नवरातों में,
आयेगी नवरातों में,
आयेगी नवरातों में,
खोल के रखना द्वार,
आयेगी नवरातों में,
होके माँ सिंह पे सवार,
आयेगी नवरातों में....

अपनों से माँ मिलने मिलाने,
बच्चों के दिल को बहलाने,
लेकर खुशिया हजार,
आयेगी नवरातों में,
होके माँ सिंह पे सवार,
आयेगी नवरातों में.....

लाल चुनरिया ओढ़ के सर पे,
शीश मुकुट सोने का धर के,
कर सोलह श्रृंगार,
आयेगी नवरातों में,
होके माँ सिंह पे सवार,
आयेगी नवरातों में.....

मैया अष्ट भुजाओं वाली,
बनके शारदा लक्ष्मी काली,
करने भक्तों को मालामाल,
आयेगी नवरातों में,
होके माँ सिंह पे सवार,
आयेगी नवरातों में.....

मैया के जगराते जगाओ,
झूमो नाचो माँ को रिझाओ,
सारे करेंगे जय जयकार,
आयेगी नवरातों में,
होके माँ सिंह पे सवार,
आयेगी नवरातों में.....

थाली छप्पन भोग की लाओ,
हलवा पुरी का भोग लगाओ,
सोनू करे है मनुहार,
आयेगी नवरातों में,
होके माँ सिंह पे सवार,

आयेगी नवरातों में.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29122/title/hoke-maa-singh-pe-swaar-aayegi-navrato-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |